**समाचार**

# अवैध कब्जा कर, पहले चोरी – फिर सीना जोरी करने वालों पर सख्ती से निपट रही निगम की टीम

## (ढोढ़ीपारा में अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर, हुडदंग करने वाली अतिक्रमणकारी महिला को काबू में किया महिला सुरक्षा बल ने )

## ( दी कड़ी हिदायत – दोबारा ऐसा किया तो, अतिक्रमण तो हटेगा ही, वैधानिक कार्यवाही भी होगी)




कोरबा 05 फरवरी 2026 – अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने के लिए निगम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पर अडांगा डालने वाले व हुज्जतबाजी कर '' पहले चोरी–फिर सीना जोरी '' की कहावत को चरित्रार्थ करने वालों से नगर निगम की अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ता टीम सख्ती के साथ निपट रही है। आज ढोढ़ीपारा में अतिक्रमण हटाने के दौरान निगम कर्मचारियों के साथ अभद्रता व हुडदंग करने वाली अतिक्रमणकारी महिला पर महिला सुरक्षा बल ने सख्ती के साथ काबू में किया तथा कड़ी हिदायत दी कि यदि कार्यवाही के दौरान दोबारा विघ्न पैदा किया जाता है तो अतिक्रमण तो हटेगा ही, साथ ही वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय भूमियों, निगम की जमीनों व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया जा रहा है, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम में एक सशक्त अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ता टीम का गठन कर क्षेत्र में किए जा रहे अवैध कब्जों व अतिक्रमण को हटाने की कमान निगम के उपायुक्त श्री नीरज कौशिक को दी है, उपायुक्त श्री कौशिक की अगुवाई में निगम की यह टीम क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध कब्जों व अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखते हुए उन्हें हटाने की निरंतर कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण व अवैध कब्जा हटाने के दौरान प्रायः ऐसे वाकये सामने आते हैं कि

अतिक्रमणकारी निगम की कार्यवाही में विघ्न–बाधा उपस्थित करते हैं, टीम के साथ हुज्जतबाजी करते है तथा उनका मानना रहता है कि वे ऐसा करके अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को रोक देंगे एवं उनका अवैध कब्जा बरकरार रहेगा, किन्तु उनका यह भ्रम पालना ठीक नही है, अब निगम की टीम ऐसे लोगों से सख्ती से निपट रही है, निगम की उड़नदस्ता टीम के साथ पुरूष सुरक्षा बल के साथ महिला सुरक्षा बल भी तैनात रहती हैं, जो कार्यवाही में विघ्न–बाधा पैदा करने वाली महिला सदस्यों को भी सख्ती के साथ काबू में करने का कार्य करती हैं।

**<u>ढोढ़ीपारा में चला निगम का बुलडोजर</u>** – सीएसईबी–दर्री मुख्य मार्ग पर स्थिता ढोढ़ीपारा बस्ती में आज निगम का बुलडोजर चला। ढोढ़ीपारा बस्ती में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र के बगल के घर में, घर के सामने बीम कालम खड़ाकर व छज्जे का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए निगम के अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ते की टीम ने कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को तोड़ा, कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण करने वाली महिला ने टीम के सदस्यों के साथ अभद्रता की तथा हुडदंग करते हुए कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास किया, जिस पर मौके में उपस्थित महिला सुरक्षा बलों ने सख्ती के साथ कार्यवाही करते हुए महिला को काबू में किया, साथ ही कड़ी हिदायत दी कि यदि दोबारा कार्यवाही में विघ्न उपस्थित किया जाता है तो अतिक्रमण तो निश्चित रूप से हटेगा ही, साथ ही वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।

**<u>अतिक्रमण न करें, कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचे</u>** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में कहीं पर भी शासकीय व निगम की जमीनों, सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण व अवैध कब्जा न करें, निगम की अतिक्रमण निरोधी टीम इस पर लगातार कड़ी नजर रख रही है तथा निरंतर अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी कर रही है, अतः कार्यवाही के दौरान होने वाली असुविधा से बचने हेतु अवैध कब्जे का प्रयास न करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अतिक्रमण निरोधी दस्ते को निर्देशित करते हुए पुनः कहा है कि वे सतत रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें तथा जहॉं कहीं भी अवैध कब्जा व अतिक्रमण दिखाई दें, उसे हटाये तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कहीं भी नया अतिक्रमण न होने पायें। उन्होने निगम के जोन कमिश्नरों व मैदानी अधिकारी कर्मचारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में नये अवैध कब्जे व अतिक्रमण पर सतर्क नजर रखें, यदि कहीं भी अतिक्रमण किया जा रहा है, तो उसकी त्वरित सूचना अतिक्रमण निरोधी दस्ते को दें।